# लूला चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति चुने गए

## पहले दौर में पिछड़ने के बाद फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया; प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



एजेंसी। ब्रासीलिया

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में जीत दर्ज कर चौथी बार इस पद पर पहुंचने का इतिहास रच दिया है। 80 वर्षीय लूला ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक और सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया।

आधिकारिक नतीजों के अनुसार, लूला को 51.79 प्रतिशत, जबकि फ्लावियो को 48.21 प्रतिशत वैध वोट मिले। लूला ने 6.42 करोड़ से अधिक वोट हासिल किए। चार अक्टूबर को हुए पहले दौर में फ्लावियो को 47.03 प्रतिशत और लूला को 45.16 प्रतिशत वोट मिले थे। किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वैध मत नहीं मिलने के कारण मुकाबला दूसरे दौर में पहुंचा। दूसरे दौर में लूला ने अंतर पलट दिया। यह ब्राजील के राष्ट्रपति चुनावों के इतिहास में पहली बार हुआ, जब पहले दौर में दूसरे स्थान पर रहने वाला उम्मीदवार दूसरे दौर में जीत गया।

**▪ उतार-चढ़ाव भरा राजनीतिक सफरः** लूला इससे पहले 2003 से 2010 तक लगातार दो कार्यकाल राष्ट्रपति रह चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले में 2018 में उन्हें जेल जाना पड़ा था, लेकिन बाद में उनकी सजा रद्द हो गई और चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हुआ। 2022 में उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को हराकर सत्ता में वापसी की थी। अब उन्होंने जायर के बेटे फ्लावियो को शिकस्त दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लूला को जीत की बधाई देते हुए भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों देश व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, कृषि और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विकासशील देशों के साझा हितों को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

## सर्बिया में छात्र आंदोलन की बड़ी जीत, वुचिच को झटका

एजेंसी। बेलग्रेड

सर्बिया में छात्र आंदोलन से जुड़े 'स्टूडेंट लिस्ट' गठबंधन ने संसदीय चुनाव में बड़ी बढ़त हासिल की है। लंबे समय से देश की राजनीति पर प्रभाव रखने वाले अलेक्जेंडर वुचिच ने हार स्वीकार कर ली है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, 250 सदस्यीय संसद में छात्र समर्थित गठबंधन को 135 से 140 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि वुचिच के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन को करीब 105 सीटें मिल सकती हैं। हालांकि, चुनाव आयोग के अंतिम नतीजे आने तक इन आंकड़ों को प्रारंभिक ही माना जाएगा।

वुचिच ने सितंबर में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, ताकि संसदीय चुनाव के जरिए दोबारा सरकार की कमान संभालने का रास्ता बना सकें। उनकी पार्टी सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया था। चुनाव में हार उनके राजनीतिक गठबंधन के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है।

नवंबर 2024 में नोवी साद शहर के रेलवे स्टेशन की छतरी गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद छात्रों ने जवाबदेही और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू किए। धीरे-धीरे आंदोलन देशव्यापी हो गया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए, जिन्हें सरकार ने राजनीतिक विरोध के रूप में देखा। वुचिच के हार स्वीकार करने के बाद राजधानी बेलग्रेड समेत कई शहरों में छात्र समर्थक सड़कों पर उतर आए। लोगों ने झंडे लहराकर और नारे लगाकर जीत का जश्न मनाया। शुरुआती अनुमानों के अनुसार, मतदान करीब 70 प्रतिशत रहा, जो 1992 में यूगोस्लाविया के विघटन के बाद के ऊंचे मतदान स्तरों में शामिल है।

# युवा संगम के तहत गुजरात के विद्यार्थियों ने जानी लुधियाना की औद्योगिक ताकत

**▪ हीरो मोटोकॉर्प में साइकिल निर्माण की प्रक्रिया समझी, मुंजाल बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी के इनोवेशन सेंटर में फैकल्टी से की बातचीत, वेरका मिल्क प्लांट का भी किया दौरा**

समर न्यूज। लुधियाना



'भारत का मैनचेस्टर' कहे जाने वाले लुधियाना की औद्योगिक ताकत और तकनीकी विकास को करीब से जानने के लिए गुजरात के 48 विद्यार्थियों ने सोमवार को शहर के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों का दौरा किया। शिक्षा मंत्रालय की 'युवा संगम' पहल के सातवें चरण के तहत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), मोहाली की मेजबानी में आए विद्यार्थियों को इस दौरान साइकिल निर्माण, उद्यमिता और डेयरी उद्योग की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने सबसे पहले हीरो मोटोकॉर्प के प्लांट का दौरा किया, जहां उन्होंने साइकिल निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने साइकिल के फ्रेम की पेंटिंग से लेकर अलग-अलग पुर्जों को जोड़ने और अंतिम असेंबली तक की प्रक्रिया को समझा। इस दौरान विद्यार्थियों को यह जानने का अवसर मिला कि किस तरह उत्पादन के विभिन्न चरणों में तकनीक, गुणवत्ता और आपसी तालमेल की मदद से एक तैयार उत्पाद सामने आता है। इसके बाद विद्यार्थियों ने मुंजाल बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप का दौरा किया। यहां उन्होंने फैकल्टी सदस्यों के साथ बातचीत की और उद्यमिता तथा उद्योग से जुड़ी शिक्षा के महत्व को समझा। बातचीत के दौरान विद्यार्थियों को नए विचारों को विकसित करने, उद्यमशील सोच को बढ़ावा देने और शिक्षा, अनुसंधान तथा उद्योग के बीच संबंधों के बारे में जानने का अवसर मिला। शाम को विद्यार्थियों ने वेरका मिल्क प्लांट का दौरा किया, जहां उन्होंने दूध के प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और वितरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरे से उन्हें समझने में मदद मिली कि किस तरह तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण और आपूर्ति व्यवस्था के माध्यम से डेयरी उत्पाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाते हैं। युवा संगम के तहत आईआईएसईआर मोहाली को गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया है।

# हॉकी एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी-2026 का नवांशहर पहुंचने पर जोरदार स्वागत

जगदीश लाल। नवांशहर
समर न्यूज



हॉकी मेन्स एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी-2026 के ट्रॉफी टूर का आज जिले में पहुंचने पर आईटीआई नवांशहर में जिला प्रशासन ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन सतनाम सिंह जलवाहा और स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी सतनाम जलालपुर खास तौर पर शामिल हुए।

वहीं, जिला स्पोर्ट्स ऑफिसर वंदना चौहान, अरमानदीप सिंह तहसीलदार बलाचौर और खेल प्रेमी भी मौजूद थे। खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए सतनाम जलालपुर ने कहा कि 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक जालंधर और साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) में होने वाली हीरो मेन्स एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2026 की मेज़बानी करना पंजाब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पंजाब पहली बार अपनी धरती पर कोई इंटरनेशनल हॉकी टूर्नामेंट होस्ट कर रहा है, जिससे राज्य की रिच हॉकी विरासत और खेल कल्चर को बढ़ावा मिलेगा।

इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर वंदना चौहान ने कहा कि ट्रॉफी टूर का मुख्य मकसद युवाओं में हॉकी के प्रति दिलचस्पी और जोश पैदा करना है ताकि युवा इस खेल से जुड़ सकें और हॉकी की विरासत को और मज़बूत कर सकें। इस मौके पर अवतार सिंह और हरप्रीत सिंह (हॉकी कोच (बठिंडा), गुरसेवक एथलेटिक्स कोच (बठिंडा), मनप्रीत सिंह एथलेटिक्स कोच (बठिंडा), प्रभजोत सिंह, हरजिंदर सिंह हॉकी कोच (होशियारपुर), जसविंदर सिंह फुटबॉल कोच, गुरतेज सिंह सुपरवाइजर, कुलजीत हॉकी कोच, रमनदीप सिंह, सतबीर सिंह, अनामिका, राधा, मनजिंदर, नवीन, शोभना, मनप्रीत, गुरविंदर और खेल प्रेमी मौजूद थे।

## एक महीने में कंपनी को 20 यूके कस्टडी वीज़ा मिलेः कनवर अरोड़ा

जगदीश लाल। नवांशहर
समर न्यूज



कनवर अरोड़ा कंसल्टेंट के एमडी कनवर अरोड़ा ने बताया कि पिछले एक महीने में कंपनी को 20 यूके स्टडी वीज़ा मिले हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से ज़्यादातर स्टूडेंट्स ने बिना आइलेट्स के यू के वीज़ा हासिल किया है। उन्होंने बताया कंसल्टेंट बिना आइलेट्स वाले स्टूडेंट्स की फाइल रिजेक्ट कर रहे हैं, वो यूनिवर्सिटीज़ से टाई-अप होने की वजह से वीज़ा दिला रहे हैं।

जनवरी इनटेक के लिए अभी कुछ सीटें बची हैं। जिन स्टूडेंट्स ने 12वीं कर ली है और 3 से 4 साल का गैप है, वे अप्लाई कर सकते हैं। जिन स्टूडेंट्स ने किसी भी तरह की डिग्री कर ली है और 8 से 10 साल या उससे ज़्यादा का गैप है, वे बिना आइलेट्स के अप्लाई कर सकते हैं। अलग-अलग यूनिवर्सिटीज़ 3 लाख से 7 लाख तक की स्कॉलरशिप दे रही हैं। जिनके मार्क्स 12वीं या डिग्री में उनसे कम हैं, उन्हें निराश होने की ज़रूरत नहीं है। जिनके नहीं हैं, वे भी अप्लाई कर सकते हैं। कई स्टूडेंट्स जिन्हें पहले ही कई देशों से मना किया जा चुका है, वे भी अप्लाई कर सकते हैं। वीज़ा जारी होने के बाद कंपनी सारी सुविधाएं दे रही है। जो लोग अपने जीवनसाथी को अपने साथ ले जाना चाहते हैं, वे भी अप्लाई कर सकते हैं। डिग्री के बाद 10 साल का गैप भी ठीक है। उन्हें आइलेट्स पी टी ई में 6.5 बैंड स्कोर करना होगा। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, वे सोमवार से शनिवार तक नवांशहर और गढ़शंकर ऑफिस में सीधे कंवर अरोड़ा से संपर्क कर सकते हैं।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विशाल शोभायात्रा, रामायणमय हुआ माहौल

**बंगा, नवांशहर, राहों तथा बलाचौर काठगढ़ में हुए कई समागम**

जगदीश लाल। नवांशहर
समर न्यूज



भगवान महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को बंगा, नवांशहर, राहों व बलाचौर काठगढ़ में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

नवांशहर में वाल्मीकि मंदिर से शुरू हुई शोभा यात्रा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया जबकि बंगा और राहों में रामायण रचेता की शिक्षा पर चलाने का संकल्प लिया। नवांशहर में सूरज खोसला, विक्की गिल, सन्नी बगानिया, पृथ्वी चंद , रमन कुमार, दविंदर कुमार, गगन अग्निहोत्री, ललित मोहन पाठक, परम खालसा, ऋतु सभरवाल, पूर्व एमएलए अंगद सिंह, एमएलए डॉ नक्षत्रपाल, भाजपा के विशाल शर्मा समेत अन्य ने हिस्सा लिया तथा संगत को बधाई दी। उधर बंगा में सुंदर झाकियां निकाली गई। इस विशाल शोभा यात्रा में अकाली दल के डॉ. बिट्टू, भाजपा के धर्म पाल, कांग्रेस के डॉ. बख्शीश सिंह, आप के कुलजीत सिंह सरहाल, पार्षद मीना घई, पार्षद मीनू अरोड़ा, पार्षद राजविंदर कौर , पूर्व पार्षद अरुण घई, सुरिंदर कुमार घई (कालू), जोगिंदर पाल, दीपक घई, बूटा राम अटवाल, बाबा सचिन घई, सिकंदर हंस बाली परिवार सहोता परिवार शामिल थे। उधर राहों में हलका इंचार्ज आम आदमी पार्टी रॉबी कंग, अकाली दल से हेमंत सिंह बॉबी ने संगत को बधाई दी।

# भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर पावन सत्संग समारोह आयोजित

लक्की भट्टी । लुधियाना
समर न्यूज



भगवान वाल्मीकि जी महाराज के पावन प्रकट दिवस के अवसर पर प्रभु रत्नाकर सेना पंजाब और लोकत एजुकेशन सेवा सोसाइटी की ओर से स्थानीय प्रभु रत्नाकर चौक, गोपाल नगर, हैबोवाल कलां, लुधियाना में पावन सत्संग समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राशि सलीम और उनकी टीम द्वारा भगवान वाल्मीकि जी महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए प्रस्तुत किए गए भजनों ने संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में विशेष रूप से पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव और लुधियाना शहरी कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पवन दीवान पहुंचे। उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी महाराज के चरणों में नतमस्तक होकर सर्वजन के कल्याण के लिए प्रार्थना की और समस्त संगत को पावन प्रकट दिवस की शुभकामनाएं दीं। पवन दीवान ने कहा कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी महाराज केवल रामायण के रचयिता ही नहीं थे, बल्कि वे ज्ञान, शिक्षा, मानवता, समानता और सामाजिक न्याय के महान प्रतीक भी थे। इस अवसर पर दीपक हंस, वरुण शर्मा, अरुण सिद्धू, नेता जी सोंधी, मुख्य सेवादार बी.के. टांक, अनिल घई, संजय भेनीवाल, निशू भगाणिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं संगत उपस्थित रहे।

# सिंगला का किला ढहा, नए निगम कमिश्नर का पहला बड़ा एक्शन

## जोन-बी के सभी वार्डों से हटाकर साहनेवाल हलके के कुछ वार्ड व हॉट मिक्स प्लांट की जिम्मेदारी सौंपी

लक्की मेहता । लुधियाना
समर न्यूज



लुधियाना नगर निगम के नए कमिश्नर अंकुर महेन्द्रू ने पदभार संभालते ही बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। करीब 25 साल से जोन-बी के साथ जुड़े रहे प्रवीण सिंगला को अब इस जोन की जिम्मेदारी से हटा दिया गया है।

एसडीओ से एसई तक का सफर तय करने वाले प्रवीण सिंगला को अब साहनेवाल हलके के कुछ वार्डों और हॉट मिक्स प्लांट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बदलाव के बाद नगर निगम के गलियारों में चर्चा है कि उनका तबादला तो नहीं किया गया, लेकिन उनकी जिम्मेदारियां काफी सीमित कर दी गई हैं। पहले प्रवीण सिंगला से हलका पूर्वी के कुछ वार्डों की जिम्मेदारी वापस ली गई थी। अब जोन-बी के सभी वार्डों की जिम्मेदारी भी उनसे वापस ले ली गई है। नई व्यवस्था के तहत उन्हें साहनेवाल हलके के कुछ वार्डों के साथ हॉट मिक्स प्लांट का जिम्मा दिया गया है। इसे नए निगम कमिश्नर के शुरुआती कार्यकाल के बड़े फैसलों में गिना जा रहा है। नगर निगम में प्रवीण सिंगला की तैनाती लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। निगम के गलियारों में यह चर्चा रही कि तबादला होने के बाद भी उनकी वापसी पर उन्हें दोबारा जोन की जिम्मेदारी मिल जाती थी। समय के साथ उनका पद एसडीओ से एसई तक पहुंच गया, लेकिन जोन के साथ उनका जुड़ाव बना रहा। अब नए कमिश्नर के फैसले से इस व्यवस्था में बदलाव दिखाई दे रहा है।

**मेयर और विधायक भी जता चुके थे नाराजगीः** सूत्रों के अनुसार, करीब एक महीने पहले मेयर और एक विधायक की ओर से भी उनकी कार्यप्रणाली तथा तैनाती को लेकर नाराजगी जताई गई थी। इससे पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक विधायक ने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की थी। हालांकि, लंबे समय तक उनकी जिम्मेदारियों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। अब नए कमिश्नर के फैसले के बाद निगम के प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है।

**पार्षद के साथ विवाद भी रहा चर्चा में:** कुछ महीने पहले प्रवीण सिंगला का नाम एक पार्षद के साथ हुए विवाद को लेकर भी चर्चा में आया था। बताया जाता है कि दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि हाथापाई की नौबत आ गई थी। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। नगर निगम के गलियारों में प्रवीण सिंगला के कुछ नजदीकी रिश्तेदारों के ठेकेदारी के काम से जुड़े होने की चर्चा भी होती रही है। हालांकि, इस संबंध में किसी हितों के टकराव या नियमों के उल्लंघन की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इस मामले में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले आधिकारिक रिकॉर्ड और तथ्यों की जांच जरूरी है।

# मोहाली के सेक्टर 115 में सीवरेज लीकेज की समस्या, निवासियों की बढ़ी चिंता



समर न्यूज। मोहाली

मोहाली के सेक्टर 115 स्थित डिवाइन ग्रुप सोसाइटी में लगातार हो रही सीवरेज लीकेज की समस्या ने निवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। हर बार अस्थायी मरम्मत की जाती है, जिसके बाद समस्या दोबारा सामने आ जाती है। लगातार बनी इस स्थिति के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, क्षेत्र में डेंगू के मामले सामने आने की जानकारी से स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं।

बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान न होना गंभीर सवाल खड़े करता है। निवासियों ने संबंधित प्रबंधन और अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप करने, सीवरेज लीकेज की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# प्रीत साहित्य सदन की सभा में चार पुस्तकों का लोकार्पण

## कई साहित्यकारों ने पुस्तकों पर साझा किए अपने विचार

लक्की भट्टी । लुधियाना
समर न्यूज



प्रीत साहित्य सदन की मासिक सभा में इस बार चार पुस्तकों का एक साथ लोकार्पण किया गया। रविवार शाम को हुए कार्यक्रम में साहित्यकारों ने पुस्तकों पर अपने विचार साझा किए और काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

हिंदी लेखक मनोज धीमान के उपन्यास 'महामानव' पर ममता जैन का लिखा हुआ प्रपत्र रमा शर्मा और लघुकथा संग्रह 'राज की बात' पर सीमा भाटिया ने प्रपत्र पढ़ा। रमा शर्मा ने कहा कि उपन्यास कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में आज के समाज की चिंताजनक स्थिति पर सवाल खड़े करता है। लघुकथा संग्रह पर चर्चा करते हुए सीमा भाटिया ने कहा कि इसकी अधिकतर लघुकथाएं सामाजिक अनैतिकताओं पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। अरुण धर्मावत और सीमा भाटिया द्वारा लिखित हिंदी से पंजाबी में अनुवादित लघुकथा संग्रह 'अजे कहना बाकी है' पर बेनू सतीश कांत ने विश्लेषणात्मक व्याख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर पंजाब के प्रसिद्ध उपन्यासकार डॉ. अजय शर्मा के नवप्रकाशित 'विस्थापन की उपन्यास त्रैयी' का भी लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोनिका अरोड़ा ने की, जबकि रजनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। सभा के दूसरे चरण में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें विभा शर्मा कुमरिया, दिलीप अवध, लवप्रीत सिंह दीपक, ममता कश्यप, नरेंद्र सोनी और कमल लुधियानवी सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए रमा शर्मा ने कहा कि प्रीत साहित्य सदन का उद्देश्य नई पीढ़ी को संवेदना और भावनात्मक मूल्यों से जोड़ना है, ताकि समाज को अधिक समृद्ध और खुशहाल बनाया जा सके।

**प्रकट दिवस** | भावाधस ने भगवान वाल्मीकि महाराज जी के प्रकट दिवस पर करवाया 29वां राज्य स्तरीय सत्संग समारोह

# भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं को घर-घर पहुंचाने की जरूरतः डॉ. चीमा

नील कमल मोनू । लुधियाना
समर न्यूज



भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) की ओर से राष्ट्रीय मुख्य संचालक नरेश धींगान की अगुवाई में सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि महाराज जी के पावन प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में 29वां राज्य स्तरीय सत्संग समारोह मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्थित ट्यूशन मार्केट में आयोजित किया गया।

समारोह में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भगवान वाल्मीकि महाराज जी की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर नमन किया। समारोह में आदि धर्म गुरु स्वामी शिव अनारिया, राष्ट्रीय निदेशक राम लाल कल्याण और महंत बोली माई जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगत को संबोधित करते हुए डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि महाराज जी की शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाना आज के समय की मुख्य जरूरत है।

डॉ. चीमा ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने हमेशा वाल्मीकि समाज को उचित मान-सम्मान देने का प्रयास किया है, जबकि अन्य राजनीतिक दलों ने समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। भावाधस के राष्ट्रीय मुख्य संचालक नरेश धींगान ने सभी अतिथियों, संत समाज और संगत को भगवान वाल्मीकि महाराज जी के प्रकट दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज अकाली दल के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। उन्होंने दावा किया कि पवित्र वाल्मीकि तीर्थ और पंजाब में डॉ. बीआर आंबेडकर भवनों के निर्माण सहित समाज के कल्याण के लिए अकाली दल ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

**भजन गायकों ने किया भगवान वाल्मीकि जी का गुणगानः** समारोह के दौरान राष्ट्रीय गायक पवन द्रविड़, राकेश राही, संदीप सोनू और अमृतसर के गिल ब्रदर्स ने धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान वाल्मीकि महाराज जी का गुणगान किया। इस दौरान समाज में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। नरेश धींगान ने समारोह में पहुंचे संतों, राजनीतिक नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों और श्रद्धालुओं का सम्मान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

**कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने की शिरकतः** समारोह में पूर्व मंत्री महिंदर सिंह ग्रेवाल, शरणजीत सिंह ढिल्लों, एडवोकेट परोपकार सिंह घुम्मण, विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक अशोक पराशर पप्पी, अकाली दल कोर कमेटी के सदस्य कमल चेतली, अकाली दल शहरी के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भिंदा, पूर्व विधायक रणजीत सिंह ढिल्लों, वरिष्ठ अकाली नेता हितेशिंदर सिंह ग्रेवाल, आरएसएस के यशगिरी, जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील मोदगिल, चंद्रकांत चड्ढा, पूर्व डिप्टी मेयर आर.डी. शर्मा, अकाली दल के महासचिव जगबीर सिंह सोंखी, अमित गोसाईं, सुखविंदरपाल सिंह सरना, गुरमीत सिंह कुलार, बाबा अजीत सिंह, दर्शन बवेजा, हरप्रीत सिंह डंग, स्वर्ण सोनी और कुलदीप सिंह खालसा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भावाधस के राष्ट्रीय मुख्य संचालक नरेश धींगान, आकाश लोहट, धर्मवीर अनारिया, रवि मातंग, कैलाश कुमार चौहान, पीका चंडालिया, राजवीर चोटाला, कुलदीप धींगान, पप्पू बेदी, प्रदीप लांबा, सोनू फूलांवाला, वरुण चनियाना, सुमित चोटाला, विकास सोंदे, एडवोकेट अर्जुन धींगान सहित संगठन के विभिन्न पदाधिकारी, युवा विंग के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।